लुक्का गैंग का सक्रिय सदस्य तहसीला धौलपुर में गिरफ्तार

मप्र पुलिस ने घोषित किया था 40 हजार का ईनाम, लूट, अपहरण, फिरौती, हत्या के प्रयास के मामलों में था वांछित

नवभारत न्यूज
मुरैना/धौलपुर, 24 अक्टूबर । एक लाख के इनामी बदमाश धर्मेन्द्र उर्फ लुक्का की गैंग के सक्रिय सदस्य तहसीला उर्फ तहसीलदार को राजस्थान के धौलपुर में निहालगंज थाने की पुलिस ने शुक्रवार को दबोच लिया। बदमाश तहसीला पर मप्र-राजस्थान पुलिस की ओर से 40 हजार का ईनाम घोषित किया गया था। तहसीलदार के विरुद्ध मुरैना, श्योपुर और ग्वालियर के विभिन्न थानों में लूट, अपहरण, फिरौती, हत्या का प्रयास और पुलिस टीम पर हमले के अपराध पंजीबद्ध है।

धौलपुर के निहालगंज थाना प्रभारी प्रमेन्द्र कुमार रावत के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर लुक्का गैंग के सक्रिय सदस्य तहसीला उर्फ तहसीलदार सिंह पुत्र सोनेराम सिंह गुर्जर निवासी देव का पुरा, मौरोली, धौलपुर को औढ़ेला रोड पर प्रकाश कॉलेज के नजदीक खाली प्लॉट से शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 315 बोर का कट्टा और दो जिंदा राउण्ड बरामद हुए है।

ग्वालियर-श्योपुर और मुरैना जिलों से 20 हजार का ईनाम : धौलपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए बदमाश तहसीला गुर्जर के विरुद्ध मप्र के श्योपुर जिले के सेसईपुरा, ग्वालियर के तिघरा और मुरैना के सरायछौला थानों में लूट, डकैती, हत्या का प्रयास और पुलिस टीम पर हमला किए जाने के अपराध पंजीबद्ध है। श्योपुर और मुरैना पुलिस ने 5-5 हजार एवं ग्वालियर पुलिस ने उसके ऊपर 10 हजार का ईनाम घोषित किया था। वहीं धौलपुर पुलिस द्वारा 20 हजार का ईनाम तहसीला पर रखा गया था।

इनका कहना है ...

धौलपुर पुलिस ने बदमाश तहसीलदार को गिरफ्तार किया है, अभी ऐसी सूचना नहीं मिली है। अगर गिरफ्तारी हुई है तो न्यायालय से उसकी कस्टडी की मांग की जाएगी।

– सुरेन्द्रपाल डाबर
एडीशनल एसपी, मुरैना

कुएं में गिरे गौवंश को रेस्क्यू कर बाहर निकाला

मुरैना, 24 अक्टूबर । थाना सरायछौला के अंतर्गत मृगपुरा पंचायत के लाला का पुरा पर खुले कुएं में गौवंश गिर गया, जिसकी सूचना गौरक्षा दल के प्रदेश महामंत्री व गौ-सांसद रुद्रप्रताप सिंह राठौर को मिली तो वह अपनी टीम व रेस्क्यू का सामान लेकर मौके पर पहुंचे। गोसेवकों ने गौवंश को सुरक्षित बांधा और गांव वालों की मदद से व ट्रैक्टर की सहायता से गौवंश को बाहर निकाला।

इस मौके पर गौसेवक रुद्रप्रताप सिंह, सुदामा कुशवाह, मोहित प्रजापति, लायक सिंह, हर्ष गौड़, दीपक परमार, हरेंद्र सिंह, हनुमान परमार, सत्यपाल परमार बसई, श्यामवीर परमार, छिंगा परमार, आनंद दुबे, शिवनाथ सिंह, अमर सिंह बघेल, निरंजन गुर्जर, दिलीप परमार, श्रीओम, हवलदार सिंह, जसरथ बघेल, पवन, मोनू जाटव, गणेशराम कुलश्रेष्ठ, रणजीत सरपंच, रामू, छोटू आदि मौजूद रहे।

इस्लामपुरा फायरिंग : 4 आरोपी पकड़े, शहर में निकाला जुलूस

नवभारत न्यूज
मुरैना, 24 अक्टूबर । कोतवाली पुलिस ने इस्लामपुरा क्षेत्र में 22 अक्टूबर की शाम फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए बदमाशों का पुलिस ने शुक्रवार की शाम शहर में जुलूस भी निकाला।

22 अक्टूबर की शाम को हुई थी फायरिंग की घटना

यहां बताना होगा कि 22 अक्टूबर की शाम को राकेश राठौर पुत्र रामस्वरूप राठौर नि. इस्लामपुरा की पुरानी रंजिश को लेकर सूरज, प्रिंस, आकाश, जयवीर राठौर, सचिन बघेल, राहुल पुत्र सरमन, राहुल पुत्र रामप्रकाश और रामप्रकाश ने लाठी, डंडों से मारपीट की और कट्टों से हवाई फायरिंग की थी। जिसे लेकर पुलिस ने 7 नामजद सहित 3 अज्ञात लोगों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया था। शुक्रवार को कोतवाली पुलिस की टीम ने 4 नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिनमें प्रिंस 22 पुत्र फूल सिंह राठौर, राहुल 20 पुत्र सरनाम राठौर, सचिन 20 पुत्र श्रीनिवास बघेल, राहुल 18 पुत्र रामप्रकाश राठौर और जयवीर राठौर शामिल है। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का एक कट्टा और खाली राउंड जब्त किए है। अन्य आरोपियों की पुलिस द्वारा सरगर्मी से तलाश की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया, एसआई प्रदीप शर्मा, प्र.आर. शिवप्रताप सिंह, आर. सत्यम शर्मा, सूरज सिंह, श्यामबिहारी, अशोक गुर्जर, अर्जुन, कुलदीप जाट शामिल थे।

कोतवाली से न्यायालय तक पुलिस ने कराया पैदल मार्च

पकड़े गए चारों आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार की शाम न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। इससे पहले पुलिस आरोपियों को सिटी कोतवाली से न्यायालय तक पैदल मार्च कराती हुई लेकर गई।

स्कूल वैन ड्राईवर की हत्या करने वाला गौरव गिरफ्तार

नवभारत न्यूज
मुरैना, 24 अक्टूबर । जौरीगांव में दीपावली की रात को हुए स्कूल वैन ड्राईवर ताराचंद्र कुशवाह के अंधे कत्ल की गुत्थी को सिविल लाईन पुलिस ने सुलझाते हुए हत्या को अंजाम देने वाले गौरव उर्फ करू उपाध्याय को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके ऊपर एसपी मुरैना ने पांच हजार का ईनाम घोषित किया था। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी गौरव उर्फ करू उपाध्याय नि. जौरीगांव ने बताया कि दीपावली की रात को ताराचंद्र के साथ शराब पीने के दौरान बहस, गाली-गलौज हो गई थी। जिसके बाद गौरव ने पत्थर से सिर कुचलकर ताराचंद्र की हत्या कर डाली थी। अंधेकत्ल के इस मामले में आरोपी के ऊपर पांच हजार का ईनाम घोषित किया गया था। अंधेकत्ल के खुलासे में निरी. उदयभान सिंह यादव, एसआई जितेन्द्र शर्मा, प्र.आर. उदयवीर सिंह, सुनील बंसल, दीपक सोलंकी, आर. पवन त्रिवेदी, अराफात खान, संजय सिंह, सुनील, राजकुमार, धर्मेन्द्र, भरत की सराहनीय भूमिका रही है।

दीपावली की रात हुआ था मर्डर, गिरफ्तारी पर घोषित था 5 हजार का ईनाम

सड़क दुर्घटना के 3 मामले दर्ज

मुरैना, 24 अक्टूबर । अंबाह एवं बानमोर थाना क्षेत्रों में सड़क हादसों में जख्मी हुए युवकों की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर तीन वाहनों के ड्राईवरों के विरुद्ध सड़क दुर्घटना के अपराध दर्ज किए है। अंबाह पुलिस ने डस्टर कार क्रं. एमपी06-सीए-7458 एवं आयशर केंटर क्रं. यूपी80-सीटी-1695 के ड्राईवरों के विरुद्ध तथा बानमोर पुलिस ने ट्रक क्रं. यूपी81-जीटी-3081 के ड्राईवर के विरुद्ध बीएनएस की धारा-281, 125ए के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। अंबाह में हुए हादसों में सुनील भदौरिया नि. सखसुख का पुरा और रामप्रकाश तोमर नि. मिढ़ैला जख्मी हुए थे। वहीं बानमोर में हुए हादसे में विजय गौड़ नि. मुरैनागांव जख्मी हो गया था।

घर में घुसे चोर को बेटे ने पकड़ा तो मां पर चाकू से किया हमला

नवभारत न्यूज
मुरैना/जौरा, 24 अक्टूबर । कस्बा जौरा के रामनगर इलाके में रहने वाले व्यवसाई के घर गुरूवार की रात को एक बदमाश चोरी करने के इरादे से घुस आया। इसी दौरान घर में सो रहे व्यवसाई के पुत्र की नींद खुल गई, उसके चिल्लाने पर व्यवसाई की पत्नी ने लाईट जलाई तभी बदमाश गृह स्वामिनी पर चाकू से हमला कर भाग निकला।

कस्बा जौरा के रामनगर इलाके में देर रात हुई घटना

जानकारी के अनुसार व्यवसाई राकेश कुमार अग्रवाल निवासी रामनगर जौरा के अनुसार गुरूवार की रात को उसकी पत्नी मीना अग्रवाल और पुत्र निशांत कमरे में सो रहे थे। रात करीब ढाई बजे कमरे में सो रहे निशांत ने चीखते हुए घर में किसी के घुसने की बात कही। निशांत की आवाज सुनकर राकेश और उनकी पत्नी मीना देवी की नींद खुली और लाईट चालू की। उन्होंने देखा कि निशांत ने एक युवक को पकड़ा हुआ था। जिसने अपने मुंह पर पीले रंग का कपड़ा बांध रखा था। इसी दौरान बदमाश ने चाकू से मीना देवी के ऊपर हमला किया। चाकू मीनादेवी के हाथ को चीरते हुए निकला, जिससे वे जख्मी हो गईं। इसी दौरान बदमाश मौका पाकर भाग निकला। जख्मी मीनादेवी के हाथ में 9 टांके आए है। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

छत के रास्ते घर में चोरी करने घुसा था युवक

व्यवसाई राकेश अग्रवाल के अनुसार इन दिनों उनके मकान में मरम्मत का काम चल रहा है। घर के बगल में मोबाइल कंपनी का टॉवर लगा हुआ है। इसी टॉवर के सहारे बदमाश मकान की छत पर पहुंचा, जहां से खुले पड़े लोहे के जाल से घर के अंदर घुस आया।

मुरैना तहसीलदार वर्मा पर 4500 रुपए का जुर्माना

नवभारत न्यूज
मुरैना, 24 अक्टूबर । लोकसेवा गारंटी पोर्टल पर आवेदनकर्ता के प्रकरण का समय-सीमा में निराकरण नहीं होने पर संबंधित लोकसेवक को 250 रूपये प्रति प्रकरण प्रतिदिन के मान से जुर्माने की शासित अधिरोपित करने का प्रावधान है। जिसके तहत कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश पर तहसीलदार मुरैना सीताराम वर्मा पर 4500 रूपये जुर्माने की शास्ति अधिरोपित की है। यह भी कहा है कि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो। शासित की राशि की वसूली संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी श्री सीताराम वर्मा के आगामी माह के वेतन से की जाकर उसे शीर्ष में जमा कर चालान की प्रति कलेक्टर कार्यालय को आवश्यक रूप से भेजी जाये।

कलेक्टर की अध्यक्षता में कृषि विभाग की कार्यशाला आज : मुरैना। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में कृषि विभाग की कार्यशाला 25 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कार्यशाला में खाद, बीज, नरवाई प्रबंधन पर जनप्रतिनिधियों के साथ विस्तार से चर्चा की जायेगी।

शराब-मीट दुकानों को हटाने को लेकर महिलाओं का हंगामा, चक्काजाम

नवभारत न्यूज
मुरैना, 24 अक्टूबर । सिविल लाईन थाना क्षेत्र के प्रेमनगर, गड़ौरापुरा इलाके में रहने वाली महिलाओं ने शुक्रवार की सुबह जौरा रोड पर सोलंकी पेट्रोलपंप के पास हंगामा करते हुए एनएच-552 हाईवे को जाम कर दिया। उनके द्वारा मीट एवं शराब की अवैध दुकानों को हटाए जाने की मांग की जा रही है। हंगामें के चलते जौरा रोड पर करीब आधा घंटे तक जाम के हालात बने रहे।

मुरैना-जौरा रोड पर करीब आधा घंटे तक यातायात रहा बाधित

जानकारी के अनुसार सोलंकी पेट्रोलपंप के पास प्रेमनगर इलाके की ओर जाने वाले रास्ते के मुहाने पर कुछ लोगों द्वारा एक गुमटी से शराब का अवैध रूप से विक्रय किया जाता था। इसके पास ही एक मीट की दुकान भी थी। जिसकी वजह से वहां गंदगी फैल रही थी। इन दोनों दुकानों को हटाने की मांग को लेकर करीब आधा सैकड़ा महिलाओं ने एकजुट होकर शुक्रवार की सुबह एनएच-552 हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। जिससे जौरा रोड पर यातायात बाधित हो गया। सूचना मिलने के बाद सिविल लाईन थाना प्रभारी निरीक्षक उदयभान सिंह यादव फोर्स के साथ मौके पर पहुंचें, उन्होंने मौके पर मीट की दुकान को बंद कराया। वहीं पुलिस के पहुंचनें से पहले ही शराब माफिया गुमटी को वहां से हटा ले गए थे।

गुस्साई महिलाओं को समझाने के बाद चक्काजाम को खुलवाया जा सका। इस दौरान करीब आधा घंटे तक हाईवे पर यातायात अवरुद्ध रहा।

इनका कहना है ...

मौके पर शराब की कोई दुकान नहीं मिली। मीट की दुकान को बंद करा दिया गया है। हंगामे की वजह से हाईवे पर करीब आधा घंटे यातायात बाधित रहा।

– उदयभान सिंह यादव
थाना प्रभारी, सिविल लाईन

देशी जुगाड़ एक्सप्लोसिव गन से मासूम की आंख हुई जख्मी

नवभारत न्यूज
मुरैना, 24 अक्टूबर । दीपावली पर्व पर जौरा कस्बे के रामनगर में कार्बाइड गन चलाने से एक बच्चे की आंख जख्मी हो गई। जानकारी के अनुसार जौरा थाना क्षेत्र के रामनगर इलाके में रहने वाला विवेक पुत्र कोमल गौड़ दीपावली पर अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान विवेक ने कार्बाइड गन चलाई। बंदूक में धमाका होते ही उसकी आंख जख्मी हो गई। उसे परिजन तत्काल प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका प्राथमिक उपचार चल रहा है। डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे की आंख में बारूद के छर्रे लगने से चोट आई है, फिलहाल उसकी हालत स्थिर है।

परिजन जख्मी बालक का निजी अस्पताल में करा रहे उपचार

हत्या के प्रयास के मामले में फरार 2 आरोपी पकड़े

नवभारत न्यूज
मुरैना, 24 अक्टूबर । सरायछौला क्षेत्र में 22 अक्टूबर को युवक पर फायरिंग कर जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को दबोच लिया। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नामजद आरोपी शिवम गुर्जर को जिला अस्पताल परिसर में घूमते हुए पकड़ा। तो वहीं दूसरे आरोपी देवकांत उपाध्याय को पिपरई तिराहे से पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का कट्टा और स्विफ्ट कार क्रं. एमपी07-सीएफ-5857 को बरामद किया है। पकड़े गए आरोपी शिवम पुत्र सुरेश गुर्जर के विरुद्ध सिटी कोतवाली मुरैना में पांच, सरायछौला थाने में एक और ग्वालियर के माधौगंज थाने में हत्या, हत्या का प्रयास का एक अपराध पंजीबद्ध है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएचओ उपनिरीक्षक केके सिंह, एएसआई हनुमंत सिंह, प्र.आर. नेतराम सिंह, हाकिम सिंह, आरक्षक रामलक्ष्मण, योगेन्द्र, रामराज, शिवपूजन, कन्हैयालाल, आरक्षक चालक विजेन्द्र, आशाराम, गोपाल शामिल थे।

दंपति को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, महिला की मौत

नवभारत न्यूज
मुरैना, 24 अक्टूबर । भाईदूज पर अपने मायके में भाईयों को तिलक करने के बाद शुक्रवार को पति के साथ बाइक पर ससुराल जा रही महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, हादसा एनएच-44 हाईवे पर सिविल लाईन थाना क्षेत्र में सिकरौदा नहर के पास होना बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार जौरा तहसील के ग्राम अहरौली निवासी अरुण रजक (30) गुरूवार को भाईदूज के मौके पर पत्नी खुशी रजक (28) और पुत्र सनी रजक (02) के साथ धौलपुर स्थित अपनी ससुराल गया हुआ था। शुक्रवार को अरुण बाइक पर पत्नी और बेटे को साथ लेकर गांव लौट रहा था। इसी दौरान सुबह करीब 11 बजे जब वे एनएच-44 हाईवे पर सिकरौदा नहर के पास से गुजर रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार महिला खुशी रजक गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सिविल लाईन थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

एनडीपीएस एक्ट में 1साल से फरार निरंजन गिरफ्तार

नवभारत न्यूज
मुरैना, 24 अक्टूबर । कोतवाली थाने में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में दर्ज अपराध क्रं. 8/20 में करीब एक साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी निरंजन डंडौतिया पुत्र लक्ष्मीनारायण डंडौतिया निवासी महावीरपुरा मुरैना को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया, प्र.आर. संतोष कटारे, शिवप्रताप सिंह, आर. सत्यम शर्मा, सूरज सिंह, श्यामबिहारी, अशोक, संदीप शर्मा, अर्जुन, कुलदीप जाट शामिल थे।

ग्रामीण क्षेत्र का विकास केन्द्र-राज्य सरकार की प्राथमिकता

नवभारत न्यूज
मुरैना, 24 अक्टूबर । मप्र के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने शुक्रवार को सुमावली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 577 लाख रूपये के निर्माण कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने ग्रामीणजनों को आश्वस्त किया कि केन्द्र व राज्य सरकार के लिए ग्रामीण क्षेत्र का समग्र विकास प्राथमिकता में है। सड़क, बिजली, पानी की उपलब्धता के साथ कृषि कार्य में असुविधा न हो, इसके लिए सरकारें काम कर रहीं है।

कृषि मंत्री ने सुमावली विस की 2 सड़कों का किया भूमिपूजन, सीसी रोड का हुआ लोकार्पण

मंत्री कंषाना ग्राम ऐसाह, तिछोला और जखौना में आमसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, समाजसेवी नरेन्द्र सिकरवार, बालकृष्ण सांटा, पूर्व विधायक बलवीर डंडोतिया सहित संबंधित पंचायतों के सरपंच एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कृषि मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि ग्राम पंचायत ऐसाह में तिछोला भडारखी से ऐसाह तक 2.70 किलोमीटर लंबी 248 लाख रूपये की सड़क का भूमिपूजन किया गया है। श्री कंषाना ने तिछोला में पक्कापुरा पर हनुमान मंदिर से माता मंदिर तक 10 लाख रूपये लागत से बनी सीसी रोड का लोकार्पण किया। सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सड़क पहली आवश्यकता है। इसके लिए विधानसभा अध्यक्ष और कृषि मंत्री कृत संकल्पित है।

आम सूचना

श्री सतीश रावत पुत्र श्री गोपाल रावत के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.29 स्थित ग्राम भोपतपुरा, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र. 151/328 ग्राम भोपतपुरा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1250 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में भूमि दीगर, पश्चिम में भूखण्ड क्र.30, उत्तर में रास्ता एवं दक्षिण में रास्ता है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री गोपाल रावत पुत्र श्री लाहौर के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री गोपाल रावत का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री राजेन्द्र, श्री धर्म सिंह, श्री सतीश, श्री विजेन्द्र, श्री जन्डेल पुत्रगण श्री गोपाल, श्रीमती रामरती पत्नी श्री बांके, पंकज पुत्री श्री बांके, श्री अमित, प्रदीप (नाबालिग पुत्रगण श्री बांके उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री सतीश रावत द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्री बृजपाल सिंह सिकरवार पुत्र श्री कुम्हेर सिंह के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्री बृजपाल सिंह सिकरवार द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान गृहम हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं श्री गोपाल रावत के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरूद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.),
मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्री मायाराम एवं श्री बलवीर पुत्रगण श्री श्रीकृष्ण के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम जौराखुर्द, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) में है जो भूमि सर्वे क्र. 1735मिन2, 1736 ग्राम जौराखुर्द का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में अपरोज रास्ता मार्ग 20 फुट चौड़ा, पश्चिम में रास्ता 18 फुट चौड़ा, उत्तर में भवन कुशवाह एवं दक्षिण में भवन श्री अशोक कुशवाह है। उक्त सम्पत्ति पूर्व में श्री रामगोपाल पुत्र श्री सरमन सिंह द्वारा श्री मांगीलाल पुत्र श्री नकटूराम को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.4209 दिनांक 17.01.1992 से विक्रय की गई। श्री मांगीलाल का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्रीमती रामबेटी पुत्री श्री मांगीलाल पत्नी श्री रामौतार, श्रीमती गुड्डी जाटव पुत्री श्री मांगीलाल पत्नी श्री रामवीर उनकी सम्पत्ति के मालिक हुयं एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्रीमती रामबेटी एवं श्रीमती गुड्डी जाटव द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री मायाराम एवं श्री बलवीर पुत्रगण श्री श्रीकृष्ण को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र एमपी25792019ए1089285 दिनांक 06.02.2019 से विक्रय की गई। उक्त सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी द्वारा ऐसा अवगत कराया गया है कि उक्त विक्रय विलेख दिनांक 17.01.1992 की मूलप्रति गुम हो गई है। श्री मायाराम एवं श्री बलवीर द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान गृहम हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं श्री मांगीलाल के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.),
मो.नं. 98276-72710